

हिंदी दैनिक खबर

हर पल, हमारी खबर

# केशववाणी

गुरुवार 14 मई 2026 वर्ष 02 अंक 127 पृष्ठ 4 | www.keshavtv24.com | Email:keshavtvbihar@gmail.com


**अनमोल वचन**

घमंड ना करना जिंदगी में,
तकदीर बदलती रहती है,
आईना वही रहता है, तस्वीर
बदलती रहती है।

## बिहार की नई ईवी नीति 2026 को कैबिनेट की मंजूरी

### महिलाओं को इलेक्ट्रिक कार पर मिलेगा 1 लाख का अनुदान, दोपहिया व तिपहिया वाहनों पर भी विशेष सहायता



**केशववाणी पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में हरित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में बिहार इलेक्ट्रिक वाहन (संशोधन) नीति, 2026 को मंजूरी दे दी गई। नई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को विभिन्न श्रेणियों में अनुदान और कर में छूट दी जाएगी। सरकार ने महिलाओं को विशेष प्रोत्साहन देने की घोषणा की है। नई नीति के अनुसार इलेक्ट्रिक चारपहिया वाहन खरीदने वाली महिलाओं को प्रति वाहन 1 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। वहीं इलेक्ट्रिक स्कूटी या बाइक खरीदने पर महिलाओं को 12 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यह लाभ वर्ष 2026–27 तक लागू रहेगा। नीति में सामान्य वर्ग एवं अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के लिए अलग–अलग सहायता राशि तय की गई है। सामान्य वर्ग के लोगों को इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन खरीदने पर 10 हजार रुपये की सहायता मिलेगी, जबकि एससी–एसटी वर्ग को 12 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा इलेक्ट्रिक मालवाहक तिपहिया वाहन खरीदने पर सामान्य वर्ग को 50 हजार रुपये तथा एससी–एसटी वर्ग को 60 हजार रुपये तक की सहायता दी जाएगी। सरकार ने वर्ष 2030 तक राज्य में नए पंजीकृत वाहनों में कम से कम 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार का दावा है कि इस नीति के लागू होने से वर्ष 2030 तक प्रतिवर्ष करीब 10 करोड़ लीटर पेट्रोल और डीजल की बचत होगी। इससे ईंधन पर निर्भरता कम होने के साथ–साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से कार्बन उत्सर्जन में भारी कमी आएगी, जिससे वायु और ध्वनि प्रदूषण दोनों में सुधार होगा। इससे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण अधिक स्वच्छ और सुरक्षित बन सकेगा। राज्य सरकार ने चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर भी विशेष जोर दिया है। सार्वजनिक और निजी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाएगा। बहुमंजिला भवनों, शॉपिंग मॉल, होटल, मोटल और पेट्रोल पंपों पर ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के लिए विशेष अनुदान दिया जाएगा, ताकि निवेशकों को इस क्षेत्र में आकर्षित किया जा सके। नई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर मोटर वाहन कर में 50 प्रतिशत तक की छूट का भी प्रावधान किया गया है। साथ ही पुराने वाहनों की स्क्रैपिंग पर केंद्र सरकार की नीति के अनुरूप अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा, जिससे लोग पुराने वाहनों की जगह इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने के लिए प्रेरित होंगे। सरकार ने मुख्यमंत्री बिहार पर्यावरण अनुकूल परिवहन रोजगार योजना के माध्यम से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने की भी योजना बनाई है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ई–वाहन आधारित सेवाओं का विस्तार होगा तथा कम लागत में परिवहन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। बिहार सरकार की यह नई ईवी नीति राज्य को हरित और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ रोजगार सृजन, आर्थिक बचत और आधुनिक परिवहन व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज पहुंचेंगे पैतृक गांव कल्याण बीघा


### आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट, वरीय अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

**केशववाणी कल्याण बीघा (नालंदा)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गुरुवार को अपने पैतृक गांव कल्याण बीघा पहुंचेंगे। उनका आगमन सुबह लगभग 10:30 बजे हरनौत प्रखंड स्थित गांव में होने की संभावना है। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद यह उनका पहला गृह जिला नालंदा एवं पैतृक गांव का दौरा माना जा रहा है, जिसको लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जानकारी के अनुसार, पूर्व मुख्यमंत्री अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय मंजू देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर कल्याण बीघा स्थित स्मृति वाटिका पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस दौरान उनके पुत्र निशांत कुमार भी मौजूद रहेंगे। हरनौत जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राजनीतिक दृष्टिकोण से भी यह दौरा काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद पहली बार नीतीश कुमार अपने गांव पहुंच रहे हैं। कार्यक्रम के एक दिन पूर्व बुधवार की शाम करीब 5 बजे



एसडीएम, डीएसपी, बीडीओ, सीओ, कार्यपालक पदाधिकारी, स्थानीय थाना अध्यक्ष समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर स्मृति वाटिका परिसर में साफ–सफाई और अन्य आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## मलमास मेला 2026 को लेकर राजगीर में विशेष ट्रैफिक प्लान लागू, कई मार्गों पर नो एंट्री




**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** राजगीर में 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक आयोजित होने वाले राजकीय मलमास मेला को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक ट्रैफिक प्लान जारी किया है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 15 मई से 15 जून तक शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष यातायात व्यवस्था लागू रहेगी। प्रशासन ने कई मार्गों पर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए वैकल्पिक रूट निर्धारित किए हैं। प्रशासन के अनुसार, वनगंगा से राजगीर की ओर सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं हरियाली, ब्रह्मकुंड, कलाली मोड़, हसनपुर आरओबी समेत कई प्रमुख मार्गों पर छोटे और बड़े वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की जाएगी। ब्रह्मकुंड एवं वैतरनी क्षेत्र को पूर्णतः "नो व्हीकल जोन" घोषित किया गया है, जहां केवल पैदल आवागमन की अनुमति होगी। बिहारशरीफ, नवादा और गया से आने–जाने वाले वाहनों के लिए अलग–अलग वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। व्यवसायिक वाहनों को बख्तियारपुर–रजौली एनएच से होकर गुजरने का निर्देश दिया गया है, जबकि छोटी गाड़ियों के लिए नारदीगंज, पकड़िया, गिरियक और खराट मार्ग निर्धारित किए गए हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों पर बैरियर और ड्रॉप गेट बनाए जाएंगे। ब्रह्मकुंड, विरायतन मोड़, सोन भंडार, कलाली मोड़, झूला मोड़, पांडुपोखर, शांति स्तूप, वनगंगा और स्पोट्‌र्स कॉम्प्लेक्स समेत कई प्रमुख स्थलों पर पुलिस और ट्रैफिक व्यवस्था तैनात रहेगी। मेला में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग के लिए किला मैदान, हॉकी मैदान, पीटीजेएम कॉलेज, स्पोट्‌र्स कॉम्प्लेक्स, सोन भंडार और विश्व शांति स्तूप के पास विशेष पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। इसके अलावा शहर में कई स्थानों पर ट्रैफिक आउट पोस्ट भी स्थापित किए जाएंगे। प्रशासन ने ऑटो, टोटो और टांगा परिचालन के लिए अलग–अलग रूट तय किए हैं तथा लोगों से निर्धारित ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की है, ताकि मलमास मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।


अपने क्षेत्र के खबर भेजने या विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120,9931609015



# तीन चेन स्नेचर गिरफ्तार, 12 घंटे के अंदर पुलिस ने किया कांड का खुलासा

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** गिरियक थाना क्षेत्र में महिला से सोने की चेन छीनने की घटना का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के पास से छीनी गई सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन समेत अन्य आभूषण भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे चिंता देवी दूध लेकर अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान आदमपुर के पास बुलेट मोटरसा. इकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन छीन ली और फरार हो गए। मामले को लेकर गिरियक थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। अनुसंधान के दौरान थाना अध्यक्ष श्रीकांत कुमार के नेतृत्व में तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धीरज कुमार (ग्राम अम्बा, थाना भागनबीघा), अभिषेक कुमार (फतेहाबाद, थाना दीपनगर) एवं रवि कुमार वर्मा (पंडितगली पुलपर, थाना बिहार) के रूप में हुई है। तीनों नालंदा जिले के रहने



वाले बताए जा रहे हैं।पुलिस ने आरोपियों के पास से छीनी गई सोने की चेन, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन के अलावा जिले के अलग–अलग क्षेत्रों से छीने गए अन्य सोने के जेवरात भी बरामद किए हैं। बरामद सामान में दो झुमका, एक अंगूठी और एक टॉप्स शामिल हैं। छापेमारी दल में गिरियक थाना प्रभारी श्रीकांत कुमार, पुलिस निरीक्षक आलोक कुमार (प्रभारी तकनीकी शाखा), पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार, चंदन कुमार, सहायक अवर निरीक्षक विभाकर चौधरी, निशांत भूषण ज्ञानेंदु एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# ज़मीनी विवाद में चली गोली वाल वाल बची अमीन

## इस मामले में दोनो तरफ 14 नामजद समेत 30 अज्ञात लोगों को बनाया गया अभियुक्त

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** दीपनगर थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन टोल टैक्स के समीप जमीन नापी के दौरान गोलीबारी की घटना सामने आई है। इस घटना में जमीन की नापी करने पहुंची सरकारी अमीन बाल–बाल बच गई। मामले को लेकर दोनों पक्षों की ओर से स्थानीय थाने में आवेदन दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में दकोई गांव निवासी पृथ्वी कुमार की पत्नी मीना देवी ने स्थानीय थाने में 11 नामजद समेत 20–30 अज्ञात लोगों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर जमीन पर कब्जा करने की नीयत से गोलीबारी करने का आरोप लगाया है। मीना देवी ने आवेदन में बताया कि उन्होंने और उनकी गोतनी रूबी कुमारी ने अपने देवर सुभाष प्रसाद से 2 डिसमिल जमीन खरीदने के लिए 21 जनवरी 2021 को एग्रीमेंट किया था। इसके एवज में करीब 15 लाख रुपये अलग–अलग तिथियों में नकद दिए गए थे। बावजूद इसके जमीन की रजिस्ट्री नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी बीच उनके देवर सुभाष प्रसाद के दामाद राजमणि कुमार ने दबाव बनाकर उक्त जमीन अपनी पत्नी के नाम लिखवा ली। जब सुभाष प्रसाद ने पूरी जमीन लिखने से इनकार किया तो उनकी हत्या कर दी गई। इस मामले में उनकी सास गौरी देवी द्वारा फतुहा थाना में पूर्व में मामला दर्ज कराया गया है।मीना देवी ने आरोप लगाया कि जमीन पर कब्जा करने की नीयत से आरोपित हथियार लेकर पहुंचे थे और विरोध करने पर जान मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। उन्होंने बताया कि आरोपितों के हाथ में लाठी, डंडा और लोहे का रॉड भी था। मारपीट के दौरान उनके देवर धनंजय यादव और मनीष कुमार किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। आवेदन में वृजपुर गांव निवासी लूटन यादव के पुत्र मंजू यादव, राजमणि कुमार, वीरमनी यादव, राजा कुमार, ज्योति कुमारी, गुड्डू कुमार, डिल्लू पासवान, पप्पू यादव, विनय यादव, भूषण यादव, मनीष यादव सहित कई लोगों को नामजद किया गया है। वहीं पटना जिले के बेलछी थाना क्षेत्र स्थित लखाचक गांव निवासी विकास कुमार और उनकी पत्नी प्रीति कुमारी का भी नाम शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से ज्योति कुमारी ने भी तीन लोगों के खिलाफ आवेदन दिया है। मामले को लेकर दोनों पक्षों में तनाव का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस मामले की गंभ‍ीरता से जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


# मोटरसाइकिल की टक्कर से व्यक्ति की मौत आक्रोशित ग्रामीणों ने NH–20 किया जाम

## चार किलोमीटर तक लगी वाहनों की लंबी कतार, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**केशववाणी गिरियक (नालंदा)।** गिरियक पावापुरी ओपी थाना क्षेत्र के चोरसुआ गांव के पास राष्ट्रीय उच्च पथ–20 पर बुधवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे राष्ट्रीय उच्च पथ पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। बताया जा रहा है कि जाम करीब चार किलोमीटर तक फैल गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार, चोरसुआ गांव निवासी बबलू महतो सड़क पार कर अपने गांव की ओर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक मोटरसा. इकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बबलू महतो ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। मृतक की पहचान चोरसुआ गांव निवासी गनौरी महतो के 50 वर्षीय पुत्र बबलू महतो के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए और मुआवजे तथा कार्रवाई की मांग को लेकर NH–20 को जाम कर दिया। सड़क जाम होने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। घटना की सूचना मिलने पर पावापुरी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और



लोगों को समझाकर जाम हटाने का प्रयास किया। हालांकि समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था और पुलिस प्रशासन ग्रामीणों को शांत कराने में जुटा हुआ था। पावापुरी ओपी प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि मोटरसाइकिल की टक्कर से बबलू महतो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं मोटरसाइकिल सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। घायल युवक को इलाज के लिए पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने बताया कि NH–20 पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में स्पीड कंट्रोल की व्यवस्था करने की मांग प्रशासन से की है।






# तीरा गांव में गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में वाहन चालक के साथ किया मारपीट


## स्कूल गाड़ी के शीशा तोड़कर किया क्षतिग्रस्त, चेरो ओपी थाना में दिया गया लिखित आवेदन

**केशववाणी हरनौत (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों छोटी–छोटी बातों को लेकर विवाद, मारपीट और झगड़े की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामला हरनौत के चेरो ओपी थाना क्षेत्र के तीरा गांव का है, जहां मामूली विवाद को लेकर एक स्कूल वाहन चालक के साथ मारपीट किए जाने और वाहन को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा–तफरी का माहौल बन गया। घटना के संबंध में हरनौत बाजार के डाक बंगला रोड स्थित इंडियन पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर नीतीश कुमार ने बताया कि स्कूल वाहन चालक प्रेम कुमार, जो डाक बंगला रोड निवासी रामबच्चन यादव के पुत्र हैं, बुधवार दोपहर करीब 12रू30 बजे स्कूल के बच्चों को छोड़ने के लिए तीरा गांव गए थे। बच्चों को सुरक्षित उतारने के दौरान वाहन सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तीरा गांव निवासी मानिकचंद यादव के पुत्र सनोज यादव कृषि यंत्र टीलर लेकर वहां पहुंचे। आरोप है कि सड़क किनारे वाहन खड़ा रहने के बावजूद उन्होंने तुरंत गाड़ी हटाने को कहा। चालक प्रेम कुमार ने बच्चों के उतरने तक कुछ देर इंतजार करने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर सनोज यादव ने चालक के साथ गाली–गलौज शुरू कर दी। जब प्रेम कुमार ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने लोहे के सिक्कड़ से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए।



मारपीट के दौरान स्कूल वाहन का शीशा भी तोड़ दिया गया और गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया।पीड़ित चालक ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घायल चालक ने किसी तरह वहां से निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद पीड़ित वाहन चालक प्रेम कुमार ने चेरो ओपी थाना पहुंचकर लिखित आवेदन दिया और प्रशासन से सुरक्षा व न्याय की गुहार लगाई है। वहीं स्कूल प्रबंधन ने भी घटना पर नाराजगी जताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि बच्चों को छोड़ने गए चालक के साथ इस तरह की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे स्कूल कर्मियों में भय का माहौल है। चेरो ओपी थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि मामले में आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नालंदा जिला अध्यक्ष के पद को लेकर प्रदेश अध्यक्ष मुकेश धानुक का स्पष्टीकरण




**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** धानुक एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री मुकेश धानुक ने एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए संगठन के सदस्यों और आम जनता को सूचित किया है कि नालंदा जिला इकाई के अंतर्गत वर्तमान में किसी भी नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई है। प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि पद रिक्तरू नालंदा जिला अध्यक्ष का पद अभी सृजन की प्रक्रिया में है और किसी भी व्यक्ति को आधिकारिक तौर पर यह जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है। संगठन के नाम या बैनर का किसी भी प्रकार से अनधिकृत उपयोग वर्जित है। यदि कोई व्यक्ति खुद को इस बैनर के तले जिला अध्यक्ष बताता है, तो वह पूर्णतः अवैध माना जाएगा। अपील सभी कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों से अपील है कि वे इस बैनर के गलत इस्तेमाल से बचें और किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं।धानुक एकता मंच की गरिमा बनाए रखना हमारा प्राथमिक उद्देश्य है। जब तक नए जिला अध्यक्ष की विधिवत घोषणा नहीं होती, तब तक किसी भी व्यक्ति द्वारा इस पद का दावा करना गलत है।

# सरकार महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक अव्यवस्था पर नियंत्रण पाने में असफल – उपेंद्र कुमार विभूति

**केशववाणी राजगीर (नालंदा)।** प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों से सोना खरीदने, तेल की खपत, विदेशी यात्राओं एवं अन्य अनावश्यक खर्चों में संयम बरतने की अपील पर उपेंद्र कुमार विभूति, प्रदेश अध्यक्ष, व्यवसायिक प्रकोष्ठ, जनसुराज ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्हा.ने कहा कि देश की आर्थिक स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है और अब आम जनता की जीवनशैली एवं निजी खर्चों पर नैतिक दबाव बनाकर सरकार अपनी नीतिगत वि. फलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है। उपेंद्र कुमार 'विभूति' ने सवाल उठाते हुए कहा कि यदि जनता सोना खरीदना कम कर देगी तो देशभर के लाखों छोटे–बड़े स्वर्ण व्यवसायियों, कारीगरों एवं इस उद्योग से जुड़े परिवारों का क्या होगा? सरकार को पहले यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन व्यवसायों पर पड़ने वाले असर



की भरपाई कौन करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि विदेशी यात्राओं और सरकारी आयोजनों पर सबसे अधिक खर्च स्वयं केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा किया जाता रहा है। ऐसे में आम नागरिकों को संयम का पाठ पढ़ाना दोहरी मानसि. कता को दर्शाता है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक अव्यवस्था पर नियंत्रण पाने में असफल रही है, जिसके कारण अब जनता से त्याग और संयम की अपील की जा रही है।उपेंद्र कुमार 'विभूति' ने कहा कि देश को भावनात्मक अपीलों से नहीं, बल्कि मजबूत आर्थिक नीतियों, रोजगार सृजन और व्यापार को प्रोत्साहन देने वाले निर्णयों की आवश्यकता है। जनता लगातार महंगाई और आर्थिक दबाव झेल रही है, ऐसे समय में सरकार को आत्ममंथन करना चाहिए, न कि आम लोगों के खर्चों पर टिप्पणी करनी चाहिए।

# एनसीपी जिलाध्यक्ष ने मासूम छात्र की हत्या की निंदा की, दोषी की गिरफ्तारी और फांसी की मांग



**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** प्रेस बयान जारी करते हुए एनसीपी के जिलाध्यक्ष राजकुमार पासवान ने अस्थावां प्रखंड के सक. रावां गांव में हुई मासूम छात्र की हत्या की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि सकरावां गांव निवासी एक गरीब दलित परिवार के 12 वर्षीय मासूम शिवम कुमार, जो चौथी कक्षा का छात्र था, की बेरहमी से पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। उन्होंने बताया कि शिवम कुमार बच्चों के साथ रास्ते में खेल रहा था। इसी दौरान पेड़ के नीचे गिरे हुए नींबू को उसने उठा लिया। आरोप है कि नींबू के पेड़ के मालिक गोरख मियां ने यह देख लिया और घर से लाठी लाकर मासूम बच्चे की गर्दन पर जोरदार प्रहार कर दिया। चोट लगते ही बच्चा वहीं छटपटाने लगा और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। राजकुमार पासवान ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मासूम की निर्मम हत्या करने वाले आरोपी गोरख मियां को अविलंब गिरफ्तार किया जाए तथा स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा दिलाई जाए। साथ ही मृतक के परिजनों को 20 लाख रुपये मुआवजा और मृतक के पिता को सरकारी नौकरी देने की मांग की।उन्होंने कहा कि सुशासन की बात करने वाली सरकार के राज में नालंदा जिले में दलितों पर लगातार अत्याचार हो रहा है, जो प्रशासन की विफलता को दर्शाता है। यदि पुलिस दबंगों पर समय रहते कार्रवाई करे, तो गरीबों और दलितों पर इस तरह का अत्याचार नहीं होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन जल्द आरोपी की गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई नहीं करता है, तो एनसीपी आंदोलन करने को बाध्य होगी।



# प्रधानाध्यापक बनने पर शिक्षक जैनेंद्र कुमार को भावभीनी विदाई

## आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर में आयोजित समारोह में शिक्षकों व छात्रों ने दी शुभकामनाएं

**केशववाणी बिहारशरीफ (नालंदा)।** बिहारशरीफ प्रखंड अंतर्गत आर जी एल उच्च विद्यालय छबीलापुर में कार्यरत शिक्षक जैनेंद्र कुमार के उच्च विद्यालय ओडा, अस्थावां प्रखंड में प्रधानाध्यापक पद पर पदस्थापित होने पर विद्यालय परिवार की ओर से भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का माहौल भावुक और सम्मानपूर्ण रहा। विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र–छात्राओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मेंटोर शिक्षक अजय कुमार ने कहा कि जैनेंद्र कुमार ने विद्यालय में पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने विशेष रूप से गणित विषय को सरल और रोचक तरीके से बच्चों के बीच प्रस्तुत किया, जिससे छात्र–छात्राओं में विषय के प्रति रुचि बढ़ी। उन्होंने वर्ष 2013 से आरजीएल उच्च विद्यालय छबीलापुर में दिए गए उनके योगदान की भूरी–भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कार्यकाल विद्यालय परिवार के लिए हमेशा यादगार रहेगा। समारोह में कुंज बिहारी, कुंजेश और ओंकार देव आर्य ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया। वहीं महिला शिक्षिकाओं ने डायरी और कलम भेंट कर उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर




सम्मानित किया गया। विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के कई छात्र–छात्राएं भावुक हो गए। छात्राओं मानसी कुमारी, खुशी कुमारी, निशा कुमारी, कोमल कुमारी, सुचित्रा कुमारी तथा छात्र धीरज कुमार और जयशीष कुमार ने कहा कि जैनेंद्र सर का पढ़ाने का तरीका बेहद अलग और प्रेरणादायक था। उन्होंने गणित जैसे कठिन विषय को भी आसान बना दिया था। छात्रों ने कहा कि उनके जाने से विद्यालय को बड़ी कमी महसूस होगी।इस अवसर पर विद्यालय के लाइब्रेरियन मोहम्मद आफताब आलम, हिंदी शिक्षक अजय कुमार, रौशन कुमार सिंह, राकेश कुमार, स्काउट गाइड शिक्षक अशोक कुमार, सुजीत कुमार, संजीत कुमार, सुरजीत कुमार, सीमा कुमारी, सोनल, साक्षी, कल्पना, रेखा, राखी कुमारी, शंकर कुमार, स्काउट गाइड ट्रेनर, लिपिक धीरज कुमार एवं शिशुपाल पांडे समेत अन्य शिक्षक एवं कर्मी मौजूद रहे। सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने जैनेंद्र कुमार को प्रधानाध्यापक बनने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। समारोह के अंत में जैनेंद्र कुमार ने विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छबीलापुर विद्यालय में बिताया गया समय उनके जीवन की अमूल्य स्मृतियों में हमेशा शामिल रहेगा।

# कतरीसराय प्रखंड को मिली बड़ी सौगात डिग्री कॉलेज की मंजूरी से खुशी की लहर

**केशववाणी कतरीसराय (नालंदा)।** नालंदा जिले के कतरीसराय प्रखंड के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण सामने आया है। वर्षों से डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर लगातार प्रयास कर रहे युवा समाजसे`वी प्रिन्स पटेल की मेहनत आखिरकार रंग लाई है। बिहार सरकार ने कतरीसराय में डिग्री कॉलेज खोलने की मंजूरी प्रदान कर दी है, जिससे पूरे प्रखंड में खुशी और उत्साह का माहौल है। प्रिन्स पटेल ने इस मांग को लेकर कई बार बिहार के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं मुख्य सचिव से मुलाकात कर आवेदन सौंपा था। उनका कहना था कि कतरीसराय एवं आसपास के क्षेत्रों में कोई डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण छात्र–छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर–दराज जाना पड़ता है, जिससे गरीब एवं ग्रामीण परिवारों के बच्चों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सरकार द्वारा मंजूरी मिलने के बाद इस नए डिग्री कॉलेज के प्रथम प्राचार्य के रूप में नालंदा कॉलेज एवं डिग्री कॉलेज राजगीर के पूर्व प्राचार्य आदरणीय रामकृष्ण परमहंस सर की नियुक्ति की गई है। उनके अनुभव और नेतृत्व से क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई



दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।फिलहाल यह डिग्री कॉलेज टेक नारायण हाई स्कूल, बादी परिसर से संचालित किया जाएगा। इस ऐतिहासिक पहल से पूरे कतरीसराय प्रखंड के लोगों में गर्व और खुशी की भावना है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कॉलेज क्षेत्र के शिक्षा विकास में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले समय में हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को नई उड़ान देगा।







